# विजय किरण ने संभाला इन्वेस्ट यूपी का कार्यभार



**लखनऊ।** आईएएस विजय किरण आनंद ने शुक्रवार को इन्वेस्ट यूपी का कार्यभार संभाल लिया। पहले दिन उन्होंने विभागीय कामकाज और औद्योगिक नीतियों को परखा और समीक्षा की। निवेश को लेकर अबतक के अपडेट की भी जानकारी ली।

अभिषेक प्रकाश के निलंबन के बाद इन्वेस्ट यूपी की बड़ी जिम्मेदारी बुधवार को विजय किरण आनंद को दी गई थी। महाकुंभ की सफलता के बाद उन्हें निवेश को जल्द धरातल पर उतारने का जिम्मा दिया गया है। दस खरब डालर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य पूरा करने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि इस लक्ष्य के लिए 110 लाख करोड़ के निवेश की जरूरत अगले तीन वर्ष में होगी। ब्यूरो